कक्षाएँ 1 और 2

Public education
Discover a world of opportunities

संख्याएँ: घर पर सीखना

बाहर घूमते-फिरते समय के दौरान संख्याओं से सम्बन्धित गतिविधि के सुझाव

कार में

कार में अपने बच्चों को व्यस्त रखने के लिए आप उनके साथ बहुत से गेम खेल सकते हैं:

- अपने बच्चों के साथ कारों की संख्याओं की गिनती करें। हर रंग की कारों की गिनती करके इस खेल को थोड़ा अधिक चुनौतिपूर्ण बनायें। हर रंग की गिनी कारों की टैली रखें और सफर के अंत में यह देखें कि किस रंग की कारें सबसे अधिक गिनी जाती हैं। हर रंग को एक मूल्य दें। उदाहरणत: सफेद कार = 1 प्वाइंट, काली कार = 2 प्वाइंट, नीली कार = 3 प्वाइंट, इत्यादि।
- भाषा का प्रयोग करके दिशाओं के बारे में बात करें जैसे कि: *बायीं, दायीं, उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी* और *पश्चिमी*।
- अपने बच्चों को यह दिखाएँ कि स्ट्रीट डॉयरेक्टरी या इलेक्ट्रॉनिक नेवीगेटर में रेफरेंस नंबरों और अक्षरों का प्रयोग करके मैप कैसे पढ़ा जाना चाहिए।
- सर्विस स्टेशन पर अपने बच्चों से ऐसे सवाल पूछें: *आज पेट्रोल की क्या कीमत है?* और *आपको यह कैसे पता?*

पड़ोस में

आसपड़ोस में अपने बच्चों के साथ सैर करते समय:

- घर के नंबरों की ओर इशारा करें और इस बारे में बात करें कि क्या वे *विषम संख्याएँ* या *सम संख्याएँ* हैं
- आकार के बारे में बातचीत करें, उदाहरणत: *give way साइन एक त्रिकोण है*
- किसी मित्र के घर या दुकानों की ओर जाते समय दिशाओं के बारे में बात करें।

शॉपिंग

शॉपिंग करते समय अपने बच्चों से निम्नलिखित कराके उन्हें व्यस्त रखें:

- त्रि-आयामी वस्तुओं की ओर इशारा करें और यह बतायें कि उस वस्तु को क्या कहा जाता है, उदाहरणत: *यह कैन एक सिलिन्डर है*
- पैसों, सिक्कों, नोटों और क्रेडिट कार्ड के बारे में खोजें और बातचीत करें, उदाहरणत: चीज़ें खरीदने के लिए आपके द्वारा प्रयोग किए जाने वाले नोट और सिक्के, आपको दी गई चेंज़ (शेष पैसे) और खरीदी गई वस्तुओं की कुल राशि और यह कि क्रेडिट व डेबिट कार्ड क्या होता है
- यह पता लगायें कि हर वस्तु की कितनी संख्या की ज़रूरत है, उदाहरणत: *यदि हर कोई दो सॉसेजिस खाता है, तो हमें डिनर में कितनी सॉसेजिस की ज़रूरत होगी?*
- शॉपिंग की वस्तुओं *को खोलते समय* भारी और हल्की वस्तुओं को खोजें और इन्हें वर्गीकृत करें।

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी **education.wa.edu.au** पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015